सुन अब तो जगा दे मेरा भाग सांवरे

सुन अब तो जगा दे मेरा भाग सांवरे
बाबा सोया है कहाँ तूं अब जाग सांवरे
तेरे संग जीना तेरे संग मरना
मेरी तुझ से ही लग रही लाग सांवरे

मेरी अँखियों में तेरी तस्वीर है, तस्वीर है
मेरा दिल तो तेरी जागीर है, जागीर है
तेरे संग जीना तेरे संग मरना
तेरे चरणों में रख दी है पाग सांवरे
सुन अब तो जगा...

मेरी कोई नहीं करता सुनायी रे, हां सुनायी रे
तेरे सिवा कोई दे दिखाई रे, ना दिखाई रे
तेरे संग जीना तेरे संग मरना
मेरे लग नहीं पावे कहीं दाग सांवरे
सुन अब तो जगा...

एक तूं ही तो सहारा है गरीब का, है गरीब का
'पप्पू शर्मा' भी तो है तेरे करीब का, है करीब का
तेरे संग जीना तेरे संग मरना
अब तेरे संग खेलूंगा में फाग सांवरे
सुन अब तो जगा...

https://alltvads.com/bhajan/lyrics/id/930/title/sun-ab-to-jagaa-de-mera-bhaag-sanware-khatu-shyam-bhajan

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |